सामयिक मूल्यांकन

प्रथम सत्र ( इकाई 1 से 6 )

विषय : हिन्दी कक्षा : **8** कुल अंक : **25**

दिनांक : **14/09/2024** प्रश्नबैंक

---

सूचना : हर एक **प्रश्न** के पाँच विभागों में से कोई एक विभाग चुनिए:

**H811** : प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं |

प्रश्न**- 1** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई भी तीन) **(06)**

(1) आपके मतानुसार सृष्टि में सर्वोपरि कौन है ? क्यों ?

(2) हामिद ने चिमटा ही क्यों खरीदा ?

(3) आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं ? क्यों?

(4) कवि नया राग कहाँ भरने के लिए कहते हैं ? क्यों ?

(5) पढ़े हुए से देखा हुआ ज्यादा याद रह जाता है ? क्यों ?

(6) दुष्यंत ने पुरुवंशीय जीवन की कौन-सी दो रीतियाँ बताई ?

(7) भिन्न- भिन्न धर्म के लोग प्रार्थना करने के लिए कहाँ –कहाँ जाते हैं ?

(8) अमीना की आँखों में आँसू क्यों आ गये ?

(9) अंतरिक्ष यात्रा में किस प्रकार की मुश्किलें आती हैं ?

(10) कवि 'नययुग का ‘आहवान’ किस प्रकार करना चाहते हैं ?

(11) किसी को मुसीबत में देखकर आप क्या करते हैं ?

(12) 'भरत' एकांकी में आपको कौन-सा पात्र सबसे अच्छा लगा ? क्यों ?

(13) लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ?

(14) ‘सुनीता विलियम्स अन्य लड़कियों से भिन्न है’ - विधान समझाइए |

(15) दुकानों में कौन- कौन से खिलौने मिल रहे थे ?

**H821.03** : मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करते हैं ।

प्रश्न – **2 :** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : (किन्ही दो) **(04)**

1. दिल कचोटना
2. बेड़ा पार लगाना
3. गले मिलना
4. दिल बैठ जाना
5. खतरों से खेलना
6. सर ऊँचा होना
7. बात पर कान नहीं धरना
8. धोखा खा जाना
9. एक सूत्र में पिरोना
10. सुरलोक सिधारना

**H828 :** उपसर्ग एवं प्रत्यय का उपयोग करके नए शब्दों की संरचना करते हैं |

विभाग-**1**

प्रश्न-**3 :** सूचना अनुसार कीजिए :

**(**अ**)** कोष्ठक में से योग्य उपसर्ग चुनकर नए शब्द बनाइए **: (3)**

(निर्, वि, प्र)

1. ............ + गति = ...................
2. ............ + गुण = ...................
3. ............ + देश = ...................

**(**ब**)** कोष्ठक में से योग्य प्रत्यय चुनकर नए शब्द बनाइए **: (2)**

(आइन,इयत,आई )

1. पढ़ + ............ = ...................
2. इन्सान + ........... = ...................

विभाग-**2**

प्रश्न-**3 :** सूचना अनुसार कीजिए:

**(**अ**)** कोष्ठक में से योग्य उपसर्ग चुनकर नए शब्द बनाइए **: (3)**

(प्र, दूर, स )

1. ............ + विशेष = ..................

2. ............ + गुण = ..................

3. ............ + योग = ..................

**(ब)** कोष्ठक में से योग्य प्रत्यय चुनकर नए शब्द बनाइए : **(2)**

(इयत, शाली, पन )

1. बल + ........... =..................
2. अपना + ..........=..................

विभाग-**3**

प्रश्न-**3 :** सूचना अनुसार कीजिए**:**

(अ) कोष्ठक में से योग्य उपसर्ग चुनकर नए शब्द बनाइए **:** **(3)**

( स्व, अव, अप )

1. ........... + मान =..................

2. ............ + गुण =..................

3. ............ + देश =..................

**(ब)** कोष्ठक में से योग्य प्रत्यय चुनकर नए शब्द बनाइए : **(2)**

(आलु, इया,पन, )

1. झगड़ा + ........... =..................
2. लड़का + ..........=..................

विभाग**- 4**

प्रश्न-**3 :** सूचना अनुसार कीजिए**:**

(अ) कोष्ठक में से योग्य उपसर्ग चुनकर नए शब्द बनाइए **:** **(3)**

(कु, बिन, चौ )

1. ............ + कहे =..................

2. ........... + राहा =..................

3. ........... + पुत्र =..................

**(ब)** कोष्ठक में से योग्य प्रत्यय चुनकर नए शब्द बनाइए : **(2)**

( शाली, ई, वान )

1. दया + ........... =..................
2. चाचा + ..........=..................

विभाग-**5**

प्रश्न-**3 :** सूचना अनुसार कीजिए:

**(**अ**)** कोष्ठक में से योग्य उपसर्ग चुनकर नए शब्द बनाइए : **(3)**
(अध, भर, पर )

1. ........... + चक = ..................

2. ........... + पोता = ..................

3. ........... + खिला = ..................

**(ब)** कोष्ठक में से योग्य प्रत्यय चुनकर नए शब्द बनाइए : **(2)**

(आनी, आरी,वाला )

1. भीख + ........... = ..................
2. सेठ + ........... = ..................

**H824 :** संज्ञा**,** सर्वनाम और विशेषण के प्रकार को समझते हैं **|**

विभाग**- 1**

प्रश्न**- 4 :** सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए: **(05)**

1. यह तुम्हारी जिम्मेदारियाँ हैं | ( रेखांकित संज्ञा को भाववाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |)
2. नदी की चौड़ाई अधिक है | ( रेखांकित संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए | )
3. श्याम बीस किलो आटा लाया | ( विशेषण एवं उसका प्रकार लिखिए |)
4. तुम लोग कब आओगे ? (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

5. मै स्वयं चला जाऊँगा | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

विभाग- **2**

प्रश्न- **4 :** सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : **(05)**

1. संतुष्ट व्यक्ति <u>खुशी</u> से भर उठा | ( रेखांकित संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |)
2. बच्चे प्रार्थना करते हैं | ( भाववाचक संज्ञा पहचानकर लिखिए | )
3. आप सब दौड़ने में बहुत तेज हैं | ( विशेषण एवं उसका प्रकार लिखिए |)
4. तुम्हें क्या चाहिए ? (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)
5. यह मेरी किताब है | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

विभाग- **3**

प्रश्न- **4 :** सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : **(05)**

1. <u>मीरा</u> गाना गा रही है | ( रेखांकित संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |)
2. हिमालय ऊँचा पर्वत है | (संज्ञा पहचानकर उसका प्रकार लिखिए | )
3. कुछ लड़के उद्यान में खेल रहे हैं | ( विशेषण एवं उसका प्रकार लिखिए |)
4. वह स्वयं संगीत की स्रोत थी | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)
5. उसे कल रात तेज बुखार था | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

विभाग- **4**

प्रश्न- **4 :** सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : **(05)**

1. यहाँ पर <u>स्त्रियाँ</u> बैठी हैं | ( रेखांकित संज्ञा को व्यक्तिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |)
2. गुलाब सुंदर है | (संज्ञा पहचानकर जातिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए | )
3. आप मेहनती छात्र हैं | ( विशेषण एवं उसका प्रकार लिखिए |)
4. स्वस्थ बच्चें हमारे देश की संपत्ति हैं | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)
5. तुमने चित्र खुद बनाया है ? (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

विभाग- **5**

प्रश्न- **4 :** सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : **(05)**

1. <u>बरगद</u> हरा-भरा है | ( रेखांकित संज्ञा को जातिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए |)
2. <u>नदी</u> सबको पानी देती है | (रेखांकित संज्ञा को व्यक्तिवाचक संज्ञा में बदलकर वाक्य फिर से लिखिए | )
3. तालाब में गंदा पानी है | ( विशेषण एवं उसका प्रकार लिखिए |)
4. उसके पास वफादार कुत्ता है | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)
5. मैं सबके साथ अच्छा व्यवहार करता हूँ | (सर्वनाम पहचानकर लिखिए |)

**H816 :** परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त करते हैं |

प्रश्न- **5 :** दिए गए विषय पर अपने विचार लिखिए **: (कोई एक)** **(05)**

1. हामिद
2. सुनीता विलियम्स
3. किसान
4. भरत
5. डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम